वारदात

कोतवाली क्षेत्र के में हुई चोरी की वारदात से फैली सनसनी, लगातार हो रही चोरी से दहशत में व्यापारी

दुकान का ताला तोड़ लाखों के आभूषण ले गए चोर

नवभारत,कटनी। जिले में शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक में बेखौफ बदमाश चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं और पुलिस की कार्रवाई सिर्फ एफआईआर दर्ज करने तक ही सिमटी हुई है। चोर चोरी की वारदात कर पुलिस को आए दिन चुनौती दे रहे हैं। इन वारदातों में पुलिस की स्थिति सांप निकल जाने के बाद लकीर पर लाठी पीटने जैसी नजर आ रही है। बरही में हुई लाखों की चोरी की वारदात को लोग भूले भी नहीं थे कि शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित सराफा दुकान में शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात अज्ञात बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम देते हुए लगभग डेढ़ किलो चांदी और सोने के आभूषण पार कर दिए हैं। चोरी की वारदात की

जानकारी दुकान संचालक को शनिवार को उस समय मिली, जब वे दुकान खोलने के लिए सराफा बाजार पहुंचे। जानकारी के अनुसार दुकान संचालक राधेश्याम सोनी प्रतिदिन की तरह शुक्रवार रात दुकान में ताला लगाकर घर चले गए थे। इसी बीच शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात अज्ञात बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। वारदात को अंजाम देने से पहले चोरों ने आसपास की दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए, ताकि उनकी उनके चेहरे रिकॉर्ड नहीं हो सकें। सीसीटीवी कैमरों को तोड़ने के लिए चोरी ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरीकी वारदात से सराफा कारोबारियों में भी दहशत का महौल है। दुकान संचालक राधेश्याम सोनी ने बताया कि जब शनिवार सुबह वे दुकान पहुंचे, तब उन्हें चोरी की जानकारी मिली। दुकान का ताला टूटा हुआ था और दुकान के अंदर रखा सामान बिखरा हुआ था। चोरी की वारदात की सूचना तत्काल उन्होंने पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस टीम वारदात स्थल पहुंचकर मौका मुआएना कर मामले की जांच शुरू कर दी है। अज्ञात चोरों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और आसपास के इलाकों में लगे कैमरों की जांच की जा रही है। टीम को मौके पर भेजा गया है। संदिग्धों की तलाश की जा रही है। दीवाली और धनतेरस से पहले सराफा बाजार में हुई चोरी की वारदात से सराफा व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त है। व्यापारियों का कहना है कि लगातार हो रही वारदातों से पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। चोरी की वारदातों को रोकने के लिए पुलिस की रात्रि गश्त व्यवस्था को काफी प्रभावी बनाना पड़ेगा। महज गश्त की औपचाकिता करने से चोरी की वारदातों में अंकुश नहीं लगेगा। पुलिस को रात्रि गश्त के अलावा प्रभात गश्त को भी मजबूत बनाना होगा, ताकि असमाजिक तत्वों, बदमाशों में नजर रखी जा सके। त्यौहारों के मद्देनजर बाजार में भीड़ भी रहेगी, ऐसे में दिन के समय भी वारदातें हो सकती हैं, लिहाजा पुलिस को और सतर्क रहना होगा।

राज्यपाल का हेलीपैड पर किया गया स्वागत

नवभारत,कटनी। राज्यपाल मंगुभाई पटेल का शनिवार को कटनी जिले के पुलिस लाइन स्थित झिंझरी हेलीपैड पर शाम पांच बजे हेलीकॉप्टर से आगमन हुआ। राज्यपाल का विधायक मुड़वारा संदीप जायसवाल, जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, शहडोल सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम ने स्वागत किया। राज्यपाल का यहां हेलीपैड पर संभागायुक्त धनंजय सिंह, डीआईजी अतुल सिंह, कलेक्टर आशीष तिवारी, पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा और वन मंडलाधिकारी गौरव शर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अगवानी की। पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, रामरतन पायल, पीतांबर टोपनानी सहित नगर निगम के पार्षदों और अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी राज्यपाल का अभिनंदन किया।

इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहेरिया और एसडीएम प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, डिप्टी कलेक्टर प्रदीप कुमार मिश्रा भी उपस्थित रहे। राज्यपाल के आगमन के पहले जिले में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए गए हैं।

एक नजर में

भरभरा आश्रम में लगेगा नि:शुल्क जांच शिविर

नवभारत, उमरियापान। बड़वारा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भजिया और भरभरा आश्रम में संत श्री श्री 1008 बनवारी दास जी महाराज भरभरा आश्रम के सानिध्य में आंखों का नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में नेत्र विशेषज्ञ द्वारा मरीजों के आंखो की जांच कर निशुल्क दवा और चश्मे दिए जाएंगे। क्षेत्रवासियों को आंखों के इलाज के लिए अब कहीं भटकना नहीं पड़ेगा। बड़वारा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भजिया मैन बाजार उपाध्याय मेडिकल के बाजू में प्रत्येक माह की 13 और भरभरा आश्रम उमरियापान में 15 तारीख को नेत्र परीक्षण शिविर में मरीजों की आंखो की जांच कर जरूरी परामर्श दिया जाएगा। जिन मरीजों को चश्मा की आवश्यकता बताई, उन्हें निशुल्क दवाई और चश्मे दिए जाएंगे।

अग्निवीर भर्ती के लिए करें आवेदन

नवभारत,कटनी। प्रदेश में अग्निवीर योजना के माध्यम से भारतीय सेना के लिए अग्निवीर की भर्ती वर्ष 2026-27 के लिए इच्छुक युवा पंजीकरण करा सकते हैं। अग्निवीर योजना के तहत पंजीकृत अभ्यर्थियों में से ही अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। इसके लिए अप्रैल 2026 में कॉमन प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसलिए दिसंबर 2025 तक की अवधि तक युवा पंजीयन करा सकते हैं। अग्निवीर योजना के माध्यम से भारतीय सेना के लिये स्वयंसेवी उम्मीदवारों का चयन वर्ष 2021 में हुआ। ऑनलाईन मोड में आयोजित होने वाली सामान्य प्रवेश परीक्षा को पहले फिल्टर किया गया है। जबकि पुरानी प्रणाली के अनुसार पहले शारीरिक परीक्षा आयोजित की जाती थी। ऐसा यह सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया है कि चयनित अग्निवीरों के पास भारतीय सेना में शामिल की जा रही नई हथियार प्रणाली की तकनीक को आत्मसात करने के लिए पर्याप्त ज्ञान का स्तर हो। इच्छुक उम्मीदवार भर्ती के लिए सेना भर्ती कार्यालय जबलपुर, सेना भर्ती कार्यालय, भोपाल, सेना भर्ती कार्यालय, महु सेना भर्ती कार्यालय, ग्वलियर पर पंजीयन करा सकते हैं।

आज 1670 बूथों में पिलाई जाएगी पोलियो की दवा

13 और 14 अक्टूबर को घर-घर जाकर चलेगा अभियान

नवभारत, कटनी। पल्स पोलियो अभियान के अतिरिक्त चरण के तहत 12 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक 1670 बूथों में जिले के जीरो से 5 वर्ष तक के 1 लाख 73 हजार 418 बच्चों को पल्स पोलियो दवा की खुराक पिलाई जाएगी। कलेक्टर आशीष तिवारी ने पालकों और अभिभावकों से कहा है कि वे अपने शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों को नजदीकी बूथ मे ले जाकर पोलियो की दवा अवश्य पिलवाएं। कलेक्टर ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। पल्स पोलियों के अतिरिक्त चरण के अंतर्गत रविवार 12 अक्टूबर को जिले मे स्थापित सभी पोलियों बूथों पर जीरो से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। लेकिन कोई बच्चा रविवार को दवा पीने से वंचित रहता है तो उसे 13 और 14 अक्टूबर को घर-घर जाकर दवा पिलाई जाएगी। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया है कि अभियान के अंतर्गत कोई भी बच्चा दवा पीने से वंचित नहीं रहे। बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने साढ़े तीन हजार से अधिक स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसमें 3 हजार 354 स्वास्थ्य कर्मचारी और 162 सुपरवाइजर शामिल हैं। साथ ही 1670 बूथ बनाए गए हैं।

गौरतलब है कि जिले में पल्स पोलियो अभियान के अतिरिक्त चरण के तहत 12 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक अभियान का आयोजन किया गया है। बूथ बी टाईप के 1386 , सी टाइप के 182 और 27 मोबाइल टीमों के 75 ट्रांजिट बूथों में जीरो से 5 वर्ष तक के 1 लाख 73 हजार 418 बच्चों को पल्स पोलियो वैक्सीनेशन की खुराक पिलाई जाएगी। अभियान के दौरान 43 फोर-व्हीलर वाहन और 242 टू-व्हीलर वाहन संलग्न किए गए हैं। जिले के सभी अभिभावकों से कहा गया है कि वे अपने शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो से बचाव की दवा अवश्य पिलाएं,ताकि भविष्य में बच्चो को पोलियो जैसी बीमारी से बचा जा सके।

संघ का एक ही उद्देश्य, पूरे विश्व में हो भारत की जय-जयकार

संघ के शताब्दी वर्ष में बरही नगर में आयोजित किया गया कार्यक्रम

नवभारत, कटनी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का एक ही उद्देश्य है भारत माता की जय, अपने भारत की विश्व में जय-जय कार होनी चाहिए, विश्व में अग्रणी स्थान मिलना चाहिए, यह किसी प्रतिस्पर्धा के लिए नहीं है, यह अपने सत्य और योगदान के लिए है और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भूमिका भारत को विश्व के योगदान के लिए तैयार करना है। हमारे कार्य पद्धतिके दो प्रमुख भाग हैं पहला भाग है संस्कारित मनुष्य तैयार करना और दूसरा है उन संस्कारित मनुष्यों को सामाज हित के कार्यों में लगाना। ये बातें बरही नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के एकत्रीकरण में सतना विभाग कार्यवाह अमित कनकने ने मुख्यवक्ता के रूप में कहीं। उन्होने कहा कि संघ स्थापना विजयादशमी में हुई। विजयादशमी का पौराणिक महत्व है। सतयुग, द्वापर, त्रेता और कलियुग चारों युगों की कहानी के माध्यम से बताया। साथ ही शाखा को व्यक्ति निर्माण का केंद्र, फिर उन्हीं व्यक्तियों के माध्यम से पंच परिवर्तन से अपना राष्ट्र परम वैभव को प्राप्त होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिलीप महतेल ने कहा कि संघ के 100 वर्ष होने पर संघ ने सेवा कार्यों के माध्यम से अपनी विशेष पहचान बनाई है मंच पर बरही संघ चालक डॉक्टर जिनेंद्र द्विवेदी भी मौजूद रहे। स्वयंसेवकों ने विजयदशमी उत्सव के अवसर पर गुणवत्तापूर्ण संचलन किया। जो शासकीय हायर सेकंडरी विद्यालय से प्रारंभ होकर सेंट्रल बैंक होते हुए राम मंदिर सरस्वती विद्यालय के सामने से मुख्य बाजार होते हुए वापस कार्यक्रम स्थल पर समाप्त हुआ। बरही नगर की मातृशक्ति और प्रबुद्ध जनों ने पथ संचलन का पूरे मार्ग में स्वागत किया। कार्यक्रम में सह जिला कार्यवाह सिद्धार्थ सिंह बघेल, नगर कार्यवाह नीरज त्रिपाठी और काफी संख्या में स्वयंसेवक रहे। गौरतलब है कि शताब्दी वर्ष पर पूरे जिले में 136 स्थान पर कार्यक्रम किए जा रहे हैं। 12 अक्टूबर को कटनी नगर का संचलन और एकत्रीकरण का कार्यक्रम किया जाएगा।

एक साथ तीन स्थान सेक्रेड हार्ट विद्यालय, निर्मल सत्या गार्डन और लाल परेड ग्राउंड से तीन बजे शुरू होकर फॉरेस्टर प्लेग्राउंड पर पहुंचेगी, जहां पथ संचालन का समापन होगा।

आत्मनिर्भर और विकसित भारत की नींव बनेगा स्वदेशी अभियान

भाजपा कार्यालय में आयोजित की गई बैठक में दी गई जानकारी

नवभारत, कटनी। भाजपा जिला कार्यालय में मुड़वारा विधानसभा में चलने वाले आत्मनिर्भर भारत अभियान, वोकल फॉर लोकल, जीएसटी सुधार, सांसद खेल महोत्सव को लेकर जरूरी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन ने अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल के संकल्प को साकार करने के लिए यह राष्ट्रव्यापी जन-जागरण अभियान 25 सितंबर से 25 दिसंबर तक चल रहा है। जिला अध्यक्ष ने सभी से कहा स्वदेशी सिर्फ एक नारा नहीं, आत्मनिर्भर और विकसित भारत की है नींव बनेगा। उन्होंने इसे अपनाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि इस अवधि में जिले के प्रत्येक मंडल और शक्ति केंद्र पर स्वदेशी उत्पादों के उपयोग, आत्मनिर्भरता और स्थानीय उद्योगों के प्रोत्साहन के लिए विभिन्न कार्यक्रम जैसे छोटे दुकानदारों को बढ़ावा देने, स्वदेशी मेले, निबंध और भाषण प्रतियोगिताएं, महिला, युवा सम्मेलन, पदयात्राएं और प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। इस अवसर पर विधायक संदीप जायसवाल ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य सरकार द्वारा जीएसटी में किए जा रहे आगामी सुधारों और आत्मनिर्भर भारत अभियान के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना है।

इस त्योहारी सीजन में सभी स्वदेशी को प्राथमिकता देने का संकल्प लें सभी लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मेक इन इंडिया, मेक फार द वर्ल्ड के मूलमंत्र को अपनाएं और इसे अपने जीवन में अपनाए। सांसद खेल महोत्सव के लोकसभा सहसंयोजक जिला महामंत्री सुनील उपाध्याय ने सांसद खेल महोत्सव 2025 की तैयारियां चल रही हैं। यह आयोजन न सिर्फ युवाओं को खेलों में आगे बढ़ने का मौका देगा, बल्कि फिट इंडिया मूवमेंट को भी नया आयाम देगा।

शाम होते ही अंधेरे में डूब जाती है संतनगर की सड़कें

चार दिन से बंद है नगर निगम के संतनगर क्षेत्र की स्ट्रीट लाइटें

नवभारत, कटनी। नगर निगम सीमा क्षेत्र के संतनगर वार्ड में पिछले चार दिनों से स्ट्रीट लाइट बंद है, जिसके कारण शाम होते ही पूरे क्षेत्र की सड़कें अंधेरे में डूब जाती है। जिसके कारण राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

क्षेत्र में कई स्थानों में खाली प्लॉट हैं, जिसके कारण सड़कों में जहरीले जीव-जंतू से भी खतरा रहता है, बाजवूद इसके नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी इस गंभीर समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। क्षेत्र में रात के अंधेरे में अपराधिक गतिविधियां भी होने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है, क्षेत्र में ही शराब का अवैध व्यवसाय किया जाता है, ऐसे में अंधेरे का फायदा उठाकर असामाजिक तत्व किसी भी अपराधिक गतिविधि को अंजाम दे सकते हैं।

जिसके कारण क्षेत्र के लोगों में सुरक्षा संबंधी खतरा भी बना हुआ है। पिछले चार दिनों से क्षेत्र की सभी स्ट्रीट लाइट बंद रहने से शाम होते ही अंधेरा हो जाता है। अंधेरा होने से राहगीरों को आने-जाने में काफी परेशानी हो रही है।

नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी इस गंभीर समस्या के प्रति उदासीन रवैया अपनाए हुए हैं। अंधेरे की वजह से हादसा होने की भी आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है।

निकाला कैंडल मार्च, मृत बच्चों को दी श्रद्धांजलि

कांग्रेस ने की मृत बच्चों के परिजनों को एक करोड़ का मुआवजा देने की मांग

नवभारत, उमरियापान। छिंदवाड़ा जिले के परासिया में कफ सिरप पीने से हुई बच्चों के मौत के मामले में उमरियापान में कांग्रेस ने कैंडल मार्च निकाला। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मृत बच्चों को श्रद्धांजलि दी। साथ ही पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि मृत बच्चों के परिवारों को मध्य प्रदेश सरकार द्वारा एक एक करोड़ का मुआवजा दिया जाए। साथ ही पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता मास्टर शिवकुमार चौरसिया, मौजीलाल पौराणिक, सरपंच अटल ब्यौहार, जमुना प्रसाद तिवारी, मंडलम अध्यक्ष मनोज चौरसिया, सुखदेव चौरसिया, स्वतंत्र चौरसिया, विराट पांडेय, शैलेंद्र पौराणिक, वंशरूप चौरसिया, चंद्रिका प्रसाद चौरसिया, सत्तू सोनी, आलम खान, नरेश चौरसिया सहित अन्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

नस्ल और पोषण में सुधार कर पशुपालन को बनाए लाभ का धंधा

दुग्ध समृद्धि अभियान के तहत घर-घर पहुंच रहे अधिकारी

नवभारत, कटनी। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशा के अनुरूप जिले में 2 अक्टूबर से शुरू हुए दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के तहत अधिकारियों ने जिले के 630 ग्रामों में पहुंचकर पशुपालकों से संपर्क कर पशुओं में नस्ल सुधार, पशु स्वास्थ्य और पोषण के संबंध में जागरूक किया है। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशानुसार जिला स्तरीय नोडल अधिकारी, डिप्टी कलेक्टर प्रदीप मिश्रा और सभी एसडीएम, अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत सहित उपसंचालक पशुपालन डॉ आरके सोनी ने ग्रामों का भ्रमण किया। पशुपालन और डेयरी विकास विभाग का मैदानी अमला के अलावा मध्यप्रदेश राज्य पशुधन निगम के प्रबंध संचालक डॉ एस एन शुक्ला, अतिरिक्त उपसंचालक डॉ पंकज कपूर सहित संयुक्त संचालक पशुपालन जबलपुर ने भी गांवों में पहुंचकर लोगों को पशुपालन के तौर-तरीकों की जानकारी दी। अभियान के दौरान पशुपालकों की समस्याओं का भी निराकरण किया गया। पशुपालन विभाग के मैत्री और मैदानी अमले ने भी गांव-गांव भ्रमण किया। अभियान के दौरान 5 हजार 54 पशुपालक परिवारों से सर्वे दल ने संपर्क किया। जिसमें से भ्रमण किए गए 630 गांवों में 199 पशुपालक परिवारों के पास 10 से अधिक पशु पाए गए।

उपसंचालक पशुपालन डॉ आरके सोनी ने बताया कि जिले में 3 लाख 81 हजार 404 गौवंश और 97 हजार 825 भैंस वंशीय पशु हैं। दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान के द्वितीय चरण में 5 या अधिक गो-वंश रखने वाले पशुपालकों और तीसरे चरण में 5 या कम गो-वंश रखने वाले पशुपालकों से संपर्क किया जाएगा।

जागरूकता

सायबर फ्रॉड से बचाने पुलिस ने सरकारी स्कूल में आयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम, छात्र-छात्राओं को दी जानकारी

अंजान लिंक और ई मेल में नहीं करें क्लिक, सायबर फ्रॉड से बचने बरतें सतर्कता

नवभारत, कटनी। पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत जिले के एनकेजे क्षेत्र स्थित शासकीय हायर सेकेन्ड्री स्कूल में पुलिस द्वारा सायबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के छात्रों को सायबर अपराधियों द्वारा फ्रॉड करने के लिए वर्तमान समय में अपनाए जा रहे तरीकों के संबंध में जानकारी दी गई। पुलिस ने बताया कि ऑनलाइन ठगी करने वाले कार्ड क्लोनिंग, बैंक धोखाधड़ी, सोशल इंजीनियरिंग द्वारा सायबर फ्रॉड करते हैं। सायबर फ्रॉड से बचाव के लिए हर समय सतर्क रहने की आवश्यकता है। पुलिस ने जिसमें स्कूल स्टाफ, छात्र और छात्राओं को संदिग्ध लिंक और ईमेल से बचने, अपनी ऑनलाइन खातों और कार्ड्स की सुरक्षा के लिए मजबूत पासवर्ड का उपयोग करने, सिर्फ आधिकारिक वेबसाइटों और ऐप्स का ही इस्तेमाल करने की जानकारी दी। उन्होंने सायबर सुरक्षा के उपायों को अपनाने और धोखाधड़ी से बचने के लिए हमेशा सतर्क रहने की समझाइस दी। साथ ही बताया गया कि सायबर फ्रॉड का शिकार होते है, तो तत्काल राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर भी जानकारी देने के साथ-साथ अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन से सम्पर्क करें। पुलिस ने कहा कि वे सुरक्षा उपायों का पालन करें और सायबर फ्रॉड से बचने के लिए जागरूक रहें। अपने लोगों को जागरुक करने के सम्बंध में भी बताया गया। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान स्कूल के स्टाफ और छात्र-छात्राओं को दो पहिया वाहन चलाते समय हेल्मेट लागने, शराब पीकर वाहन नहीं चलाने की समझाइस दी गई। कार्यक्रय में काफी संख्या में छा-छात्राओं की उपस्थिति रही। इस अवसर पर एनकेजे थाना प्रभारी रूपेन्द्र राजपूत, एएसआई सहपाल परतेती, प्रधान आरक्षक आरिफ हुसैन, आरक्षक विजय राणा, राजेन्द्र पटेल, साइबर सेल की टीम से आरक्षक अमित श्रीपाल और चंदन प्रजापति की उपस्थिति रही। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया और उप पुलिस अधीक्षक उमराव सिंह के मार्गदर्शन में सायबर फ्रॉड से बचाव के लिए स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सीईओ ने सीमए हेल्पलाइन की समीक्षा की

नवभारत,कटनी। जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और जिला पंचायत के योजना प्रभारी अधिकारियो को शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिले के सभी जनपद पंचायतों के सीईओं से वन टू वन चर्चा की। इस दौरान उन्होंने पिछले दिनों प्राप्त शिकायतों का संतुष्टि पूर्ण निराकरण करते हुए बंद कराई गई शिकायतों की जानकारी ली। जिला पंचायत सीईओ ने निर्देशित करते हुए कहा कि दो दिन बाद शिकायतों के निराकरण की प्रगति की दोबरा समीक्षा की जाएगी। लिहाजा सभी अधिकारी बेहतर कार्य योजना बनाकर अपनी टीम के सहयोग से अधिक से अधिक शिकायतों का निराकरण कराएं। समीक्षा के दौरान उन्होंने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।